**NATIONAL TESTING AGENCY**
*Excellence in Assessment*

**(उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)**
**(An autonomous organization under the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development, Government of India)**

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा जे.ई.ई.(मुख्य)अप्रैल-2020

## सार्वजनिक सूचना

7 फरवरी, 2020

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने जे.ई.ई.(मुख्य) जनवरी-2020 परीक्षा NITs, IIITs और अन्य केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (CFTIs) आदि में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 06.01.2020 (सोमवार) से 09.01.2020 (गुरुवार) के बीच आयोजित की है और परीक्षा परिणाम 17.01.2020 तथा 23.01.2020 को घोषित किया गया है।

अब, एनटीए 05.04.2020, 07.04.2020 से 09.04.2020 तथा 11.04.2020 के बीच NIT, IIIT और अन्य केंद्र शासित तकनीकी संस्थानों (CFTIs) में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए जे.ई.ई(मुख्य)अप्रैल-2020 परीक्षा आयोजित करने की घोषणा करता है।

वे अभ्यर्थी जो पहले जेईई (मुख्य) जनवरी-2020 परीक्षा में उपस्थित हो चुके हैं, वे चाहें तो जे.ई.ई.(मुख्य) अप्रैल-2020 परीक्षा में सुधार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। जो अभ्यर्थी जेईई (मुख्य)जनवरी-2020 परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सके थे, वे भी जे.ई.ई (मुख्य)अप्रैल-2020 परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं। मेरिट लिस्ट/रैंकिंग तैयार करने के लिए किसी भी अभ्यर्थी के दो में से सबसे अच्छे एन.टी.ए. स्कोर पर विचार किया जाएगा।

बी.आर्क और बी. प्लानिंग की पात्रता मानदंड के अनुसार एवं विषय विशेषज्ञों की राय के अनुसार बी.ई./बी.टेक, बी.आर्क. और बी. प्लानिंग के प्रश्नपत्र के प्रारूप एवं प्रश्नों की संख्या में परिवर्तन किये गये हैं, जिनका अनुमोदन जैब (JAB) द्वारा किया गया है । इन्हें जे.ई.ई(मुख्य),जनवरी-2020 परीक्षा में भी लागू किया गया था।

प्रश्नपत्र का नया पैटर्न नीचे दिया गया है:

| पेपर | विषय | प्रश्नों की संख्या | प्रश्नों के प्रकार | परीक्षा की समयावधि (भारतीय मानक समय) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
| **B.E./B.Tech.** | गणित | 25(20+5) | 20 वस्तुनिष्ठ प्रकार - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) और 5 प्रश्न जिनका उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में होगा; गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान का बराबर भारांश | 09:30 a.m. to 12:30 p.m. | 02:30 p.m. to 05:30 p.m. |
| | भौतिक विज्ञान | 25(20+5) | | | |
| | रसायन विज्ञान | 25(20+5) | | | |
| **B. Arch.** | गणित – भाग I | 25(20+5) | 20 वस्तुनिष्ठ प्रकार - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) और 5 प्रश्न जिनके लिए उत्तर संख्यात्मक मान है | 09:30 a.m. to 12:30 p.m. | 02:30 p.m. to 05:30 p.m. |
| | अभिक्षमता परीक्षा – भाग II | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकार बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) | | |
| | ड्राइंग परीक्षा – भाग III | 2 | ड्राइंग परीक्षा के लिए प्रश्न | | |
| **B. Planning** | गणित – भाग I | 25(20+5) | 20 वस्तुनिष्ठ प्रकार - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) और 5 प्रश्न जिनके लिए उत्तर संख्यात्मक मान है | 02:30 p.m. to 05:30 p.m. | |
| | अभिक्षमता परीक्षा – भाग II | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकार बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) | | |
| | योजना आधारित प्रश्न - भाग III | 25 | वस्तुनिष्ठ प्रकार बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) | | |
| नोट : **बी.आर्क और बी. प्लानिंग (दोनों) का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा का समय अपराहन 02:30 से 06:00 (भारतीय मानक समय) तक होगा।** | | | | | |

उपर्युक्त सभी परीक्षाएं, बी आर्क की ड्राइंग परीक्षा के प्रश्नों को छोड़कर, केवल "कंप्यूटर आधारित परीक्षा" (CBT) मोड में आयोजित की जाएंगी। बी.आर्क. की ड्राइंग परीक्षा "कागज-कलम" (ऑफलाइन) मोड में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार पाठ्यक्रम के आधार पर बी.ई./बी.टेक, बी.आर्क.,बी.प्लानिंग में उपस्थित हो सकते हैं।

वर्ष 2020 में आईआईटी में पूर्वस्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को भी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)-2020 की बी.ई./बी.टेक परीक्षा में उपस्थित होना पड़ेगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)-2020 के बी.ई./बी.टेक परीक्षा परिणाम के आधार पर, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) की आवश्यकता के अनुसार, शीर्ष अभ्यर्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड)-2020 में उपस्थित होने के पात्र होंगे। आईआईटी में प्रवेश, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) में श्रेणीवार अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) पर आधारित होगा, जो संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड)-2020 की वेबसाइट पर उपलब्ध शर्तों के अधीन होगा।

परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट www.nta.ac.in पर उपलब्ध संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) अप्रैल 2020 का विस्तृत सूचना बुलेटिन देख सकते हैं।

जे.ई.ई.(मुख्य)अप्रैल-2020 परीक्षा में उपस्थित होने के लिए, उम्मीदवारों को 07.02.2020 (शुक्रवार) से 06.03.2020 (शुक्रवार) के बीच केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शुल्क का भुगतान 07.03.2020 तक ऑनलाइन किया जा सकता है।

वरिष्ठ निदेशक, एन.टी.ए.